**Regarding high tension wire in agricultural land**

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा **(**रोहतक**) :** महोदया, पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन की एचटी लाइन हरियाणा, दिल्ली के कई इलाकों से गुजर रही है, जिसमें किसानों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिल रहा है । राइट ऑफ वे में जो लाइन के आसपास का लगभग एक एकड़ क्षेत्र होता है, उसमें 30 प्रतिशत मार्केट रेट दिए जाने की गाइडलाइन्स हैं, जबकि जमीन की वैल्यू में 90 पर्सेंट की गिरावट होती है । वहां मार्केट रेट की बजाए कलेक्टर रेट दिया जाए । किसानों की मांग है कि उन्हें मार्केट रेट के हिसाब से 90 पर्सेंट दिया जाए । वहां किसान आंदोलनरत हैं । उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है ।

(Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

शंभू बार्डर पर भी किसान बहुत लंबे अरसे से बैठे हैं । एमएसपी की लीगल गारंटी को लेकर सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल जी 21 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं । सरकार उनसे बात नहीं कर रही है । उनको उनके हाल पर छोड़ दिया है । केवल 101 किसान दिल्ली आना चाहते हैं, उनको इजाजत दी जानी चाहिए और सरकार उनसे बात करे ।